STUDENTS SKILLS
Practice Makes Perfect

# TEACHER'S MANUAL

NCERT Practice

# Work BOOK

अनुभवी हिंदी लेखकों द्वारा तैयार की गई

# हिंदी वीणा



भावना गुलाटी

कक्षा 5

## पाठ-1: किरन

### कविता पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (ख)   (ii) (क)   (iii) (क)   (iv) (ग)   (v) (क)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) अरी किरन तू उठकर इतनी
**जल्दी आज चली आई**
मैं तो बिस्तर में से अपने
**अब तक निकल नहीं पाई**

(ii) **कल तो तेरे साथ शाम तक किरन**
खेल बहुत से खेली मै।
**पर जब तू चल दी सोने को**
तो रह गई अकेली मै।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) किरन बच्चों को नहीं जगाती। (✗)
(ii) किरन दूसरी दुनिया में चली जाती है। (✓)
(iii) किरन कभी नहीं सो पाती। (✓)
(iv) बालिका को नींद नहीं आई। (✗)
(v) बालिका कथाएँ पढ़ते-पढ़ते सोई। (✓)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) बालिका कथाएँ पढ़ते-पढ़ते सोई।
(ii) किरन कभी नहीं सो पाती।
(iii) इस पाठ के लेखक निरंकार देव 'सेवक' हैं।
(iv) किरन बच्चों को जगाती है।
(v) किरन बालिका के सोने के बाद दूसरी दुनिया में चली जाती है।

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित

**1. नीचे दिए गए शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) नींद — आज रात मुझे बहुत अच्छी नींद आई।
(ii) बिस्तर — सुबह होते ही मैंने अपना बिस्तर ठीक कर लिया।
(iii) किरन — सुबह की पहली किरन बहुत सुंदर लगती है।
(iv) सुख — जीवन में सुख और दुख दोनों आते-जाते हैं।
(v) खेल — बच्चों को खेलना बहुत पसंद होता है।
(vi) दुनिया — यह दुनिया बहुत बड़ी है।
(vii) बच्चे — मैदान में बहुत सारे बच्चे खेल रहे हैं।
(viii) शाम — शाम होते ही सब घर लौट आते हैं।

(ix) कथाएँ — दादी माँ रोज़ाना दिलचस्प कथाएँ सुनाती हैं।

(x) अकेली — वह घर में अकेली रहती है।

**2. नीचे दिए गए शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखिए-**

(i) नभ: आकाश, गगन, व्योम

(ii) हवा: पवन, वायु, समीर

(iii) पेड़: वृक्ष, तरु, पादप

(iv) फूल: पुष्प, सुमन, कुसुम

(v) दुनिया: संसार, जगत, विश्व

(vi) फल: मेवा, परिणाम, नतीजा

(vii) चिड़िया: पक्षी, विहग, खग

(viii) राजा: नृप, नरेश, भूप

(ix) मुकुट: ताज, किरीट, शिरोभूषण

(x) किरन: रश्मि, प्रभा, ज्योति

## पेड़ का जादू

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (ग) (ii) (क) (iii) (ख) (iv) (ग) (v) (क)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) **बुआ** के **घर** में पेड़ था।

(ii) तब **छाया** में खेलना अच्छा लगेगा।

(iii) चिड़ियों को मैंने नहीं **पाला**।

(iv) तुम अपने घर में **पेड़** उगा लो।

(v) आपने **गिलहरी** कहाँ से खरीदी?

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा (✗) का चिह्न लगाइए-**

(i) पेड़ उगाने से गिलहरी अपने आप नहीं आएगी। (✗)

(ii) मौसी के घर में एक पेड़ था। (✗)

(iii) पेड़ पर केवल चिड़िया रहती थी। (✗)

(iv) बालक गिलहरी पालना चाहता था। (✓)

(v) बुआ ने गिलहरी खरीदी थी। (✗)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) पेड़ बुआ के घर में था।

(ii) पेड़ पर गिलहरी और चिड़िया रहती थी।

(iii) पेड़ की छाया में खेलने से अच्छा लगेगा।

(iv) बालक गिलहरी पालना चाहता था।

(v) गिलहरी बुआ के घर में पेड़ होने के कारण वहाँ पर आ गई।

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए-**

(i) चिड़िया: पक्षी, पंछी, परिन्दा

(ii) छाया: छाँव, परछाई, साया

(iii) फल: परिणाम, नतीजा, लाभ

(iv) फूल: पुष्प, सुमन, कुसुम

(v) नभ: आकाश, गगन, व्योम

(vi) देव: भगवान, ईश्वर, प्रभु

(vii) पेड़: वृक्ष, पादप, तरु

(viii) घर: गृह, निकेतन, आवास

(ix) जादू: माया, टोना, सम्मोहन

(x) धरती: पृथ्वी, भू, भूमि

**2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) बुआ — मेरी बुआ कल हमारे घर आएंगी।

(ii) घर — यह मेरा घर है।

(iii) पेड़ — अर्श ने अपने बाग में कई तरह के पेड़-पौधे लगाए हैं।

(iv) चिड़िया — चिड़िया आकाश में उड़ रही थी।

(v) बंदर — बंदर पेड़ पर उछल-कूद कर रहा है।

(vi) जादू — जादूगर ने सबको जादू दिखाया।

(vii) छाया — पेड़ की छाया बहुत शीतल थी।

(viii) नभ — नभ का रंग नीला होता है।

(ix) फल — बाज़ार में बहुत से ताज़े फल मिल रहे हैं।

(x) फूल — बगीचे में सुंदर फूल खिले हैं।

## पाठ-2: न्याय की कुर्सी

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (क) (ii) (घ) (iii) (ख) (iv) (ग) (v) (घ)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) चारों ओर **खबर** फैल गई।

(ii) राजा ने **लज्जा** से **सिर** झुका लिया।

(iii) दूसरे **लड़को** को यह **खेल** पसंद आया।

(iv) मामला **गंभीर** था।

(v) राजा विक्रमादित्य अपने **न्याय** और **विवेक** के लिए बहुत प्रसिद्ध थे।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर (×) का चिह्न लगाइए-**

(i) राजा ने उपवास नहीं किया। (×)

(ii) बच्चों को खेल पसंद नहीं आया। (×)

(iii) सभी मूर्तियाँ आकाश में उड़ गई। (✓)

(iv) धीरे-धीरे बात राजा के कानों तक पहुँची। (✓)

(v) चारों ओर खबर फैल गई थी। (✓)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) सिंहासन राजा विक्रमादित्य का था।

(ii) राजा ने तीन दिन तक उपवास किया और प्रार्थना की।

(iii) किसानों के बीच ज़मीन को लेकर झगड़ा हुआ।

(iv) राजा के लिए आश्चर्य की बात यह थी कि सिंहासन के एक पाये पर बनी मूर्ति बोल रही थी।

(v) राजा का इशारा पाते ही उस स्थान को खोदकर पत्थर को बाहर निकाला गया।

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. नीचे दिए गए शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) पचीन: प्राचीन | (ii) सिहसन: सिंहासन | (iii) फरया: फ़रियाद |
| (iv) वसवास: विश्वास | (v) मूतिया: मूर्तियाँ | (vi) विदान: विद्वान |
| (vii) पंडीत: पंडित | (viii) पकार: प्रकार | (ix) पजा: प्रजा |
| (x) कबजा: कब्ज़ा | | |

**2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) शान — भारत देश की शान तिरंगा झंडा है।

(ii) शिला — यह एक बड़ी शिला है।

(iii) राजा — राजा दशरथ अयोध्या के राजा थे।

(iv) फैसला — न्यायाधीश ने सही फैसला सुनाया।

(v) झगड़े — झगड़े करने से हमेशा नुकसान ही होता है।

(vi) ज़मीन — किसान ज़मीन पर हल चलाता है।

(vii) किसान — किसान भारत की रीढ़ की हड्डी हैं।

**3. संज्ञा की परिभाषा और उदाहरण–**

किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, जाति, या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

**उदाहरण:** व्यक्ति: राम, मोहन, महात्मा गांधी

वस्तु: किताब, कलम, मेज़

स्थान: दिल्ली, मुंबई, स्कूल

भाव: ईमानदारी, बचपन, खुशी

**4. सर्वनाम की परिभाषा और उदाहरण–**

जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं।

**उदाहरण:** मैं, तुम, वह, यह, हम, आप, कौन, क्या, कोई, कुछ

## पाठ-3: चाँद का कुरता

### कविता पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (क) (ii) (ग) (iii) (ग) (iv) (ग) (v) (ग)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

हठ कर बैठा चाँद एक दिन, **माता से यह बोला**
'मिलवा दो माँ, **मुझे ऊन का मोटा एक झिंगोला।'**
सन-सन चलती हवा रात भर **जाड़े से मरता हूँ**।
ठिठुर-ठिठुर कर किसी तरह यात्रा पूरी करता हूँ।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( × ) का चिह्न लगाइए-**

(i) चाँद ऊन का झिंगोला सिलवाना चाहता था। (✓)

(ii) चाँद को जाड़े में ठंड नहीं लगती थी। (×)

(iii) चाँद का आकार घटता-बढ़ता रहता है। (✓)

(iv) चाँद भाड़े का कुरता लेने के लिए तैयार नहीं था। (×)

(v) चाँद माँ से हठ नहीं कर रहा था। (×)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) चाँद माँ से ऊन का मोटा-सा झिंगोला सिलवाने की हठ करता है।

(ii) चाँद भाड़े का कुरता लेने को तैयार था।

(iii) चाँद को रात में ठंड लगती है।

(iv) चाँद की माँ ने उत्तर दिया कि चाँद का आकार रोज़ बदलता रहता है। वह ऐसा नाप कहाँ से लाए जो रोज़ उसके बदन पर आए।

(v) चाँद का आकार घटता-बढ़ता रहता है।

**भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न**

**1. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) आसमान — आसमान में अनगिनत तारे हैं।

(ii) चाँद — रात में चाँद गोल दिखाई देता है।

(iii) आँखों — तान्या की आँखों में चमक थी।

(iv) दिन — आज बहुत गर्मी का दिन है।

(v) नाप — कपड़े का सही नाप लेना ज़रूरी है।

(vi) मौसम — आज का मौसम बहुत सुहाना है।

(vii) कुशल — अन्मय अपने काम में बहुत कुशल है।

(viii) भगवान — भगवान हर जगह मौजूद हैं।

(ix) यात्रा — दिल्ली की यात्रा बहुत लंबी थी।

(x) बड़ा — यह घर बहुत बड़ा है।

**2. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए-**

(i) सूरज: सूर्य, रवि, दिनकर

(ii) आसमान: गगन, नभ, अम्बर

(iii) चाँद: चंद्रमा, शशि, सोम

(iv) आँख: नेत्र, नयन, लोचन

(v) भगवान: ईश्वर, प्रभु, ईश

**3. विशेषण किसे कहते हैं? कविता में से कोई चार विशेषण शब्द यहाँ लिखिए।**

संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

कविता में से विशेषण शब्द: बड़ा, कुशल, मोटा, ठंडा,चौड़ा, छोटा।

**4. कविता में से कोई चार क्रिया शब्द यहाँ लिखिए।**

करता, डरती, चलती, सिलवाएँ।

## जागो प्यारे

### कविता पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

(i) (क) (ii) (ग) (iii) (ख) (iv) (ख) (v) (क)

**2. रिक्त स्थान भरिए-**

उठो लाल, **अब आँखे खोलो**।

**पानी लाई हूँ**, मुहँ धो लो।

**बीती रात कमल-दल फूले**।

उनके ऊपर भौंरे झूले

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( × ) का चिह्न लगाइए-**

(i) माँ बच्चे को सोने के लिए कह रही है। (×)

(ii) बच्चे को माँ समय सुहाना न खोने को कहती है। (✓)

(iii) जल में सुनहरी छाया पड़ रही है। (✓)

(iv) चिड़ियाँ चहक उठी पेड़ों पे। (✓)

(v) भोर होने पर सूरज नहीं उगा। (×)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) माँ बच्चे के मुँह धोने के लिए पानी लाई।

(ii) भौंरे कमल-दल के ऊपर झूल रहे हैं।

(iii) धरती ने प्यारी छवि पाई।

(iv) इस कविता के लेखक अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' हैं।

(v) नभ में न्यारी लाली छाई।

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) सुंदर — यह फूल बहुत सुंदर है।

(ii) न्यारी — प्रकृति की सुंदरता सबसे न्यारी है।

(iii) धरती — धरती बहुत सुंदर है।

(iv) प्यारी — मेरी मां बहुत प्यारी हैं।

(v) सूरज — सूरज पूरब से निकलता है।

(vi) हवा — आज ठंडी हवा चल रही है।

(vii) सुनहरी — सुबह की धूप सुनहरी होती है।

(viii) समय — समय बहुत कीमती होता है।

(ix) कमल — कमल का फूल कीचड़ में खिलता है।

(x) भौंरे — भौंरे फूलों पर मंडराते हैं।

**2. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-**

(i) रात: दिन (ii) कुशल: अकुशल (iii) आगे: पीछे

(iv) ऊपर: नीचे (v) कायर: वीर (vi) आधा: पूरा
(vii) ईमानदार: बेईमान (viii) स्वामी: सेवक (ix) ज्ञान: अज्ञान
(x) सफल: असफल (xi) मानव: दानव (xii) सम: विषम

**3. नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए-**

(i) माली: मालिन (ii) लोभी: लोभिन (iii) वीर: वीरांगना
(iv) शेर: शेरनी (v) देवता: देवी (vi) राजा: रानी
(vii) भाई: भाभी (viii) लेखक: लेखिका (ix) नायक: नायिका
(x) शिक्षक: शिक्षिका

## पाठ-4ः साङकेन

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (ख) (ii) (घ) (iii) (ख) (iv) (क) (v) (ख)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) आज से हमारा **नया वर्ष** आरंभ होता है।
(ii) ये पकवान बहुत **स्वादिष्ट** थे।
(iii) **शोभायात्रा** में बहुत से लोग थे।
(iv) उनकी **प्रसन्नता** का ठिकाना नहीं था।
(v) वल्लरी को **होली** की याद आ गई।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) मंदिर में बिलकुल भी भीड़ नहीं थी। (✗)
(ii) सब लोग शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। (✓)
(iii) साङकेन तीन दिन तक मनाया जाता है। (✓)
(iv) वल्लरी के मित्र का नाम चाऊतान था। (✓)
(v) सब एक दूसरे के चेहरों पर चावल का आटा लगा रहे थे। (✓)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) वल्लरी के पिताजी अरुणाचल प्रदेश में चौखाम के मंडल कार्यालय में एक अधिकारी थे।
(ii) लोगों ने मंदिर नदी के किनारे बनाया था।
(iii) वल्लरी ने देखा कि सड़क पर एक शोभायात्रा निकल रही है।
(iv) साङ्केन का त्योहार तीन दिन तक मनाया जाता है।
(v) मंदिर की दीवारें बाँस और बाँस की खपच्चियों से बनाई गई थी।

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-**

(i) भिड़भरि: भीड़भाड़ (ii) पकार: प्रकार
(iii) सवागत: स्वागत (iv) हरीयालि: हरियाली

(v) मूतियाँ: मूर्तियाँ

(vi) उतसाह: उत्साह

(vii) सवादिषट: स्वादिष्ट

(viii) खपचियों: खपच्चियों

(ix) वष: वर्ष

(x) आरभ: आरंभ

**2. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए-**

(i) मूर्ति: मूर्तियाँ

(ii) लोग: लोगों

(iii) पालकी: पालकियाँ

(iv) पंखा: पंखे

(v) कमरा: कमरे

(vi) किताब: किताबें

(vii) चिड़िया: चिड़ियाँ

(viii) फूल: फूल

(ix) दीवार: दीवारें

(x) मिठाई: मिठाइयाँ

**3. क्रिया की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।**

जिस शब्द से किसी काम का होना या करना ज्ञात होता है, उसे क्रिया कहते हैं।

**उदाहरण:** राम जाता है।

छात्र पढ़ेगा।

वह ऑनलाइन अंग्रेजी पढ़ाती है।

रिया रोज़ाना एक गिलास दूध पीती है।

इन वाक्यों में 'जाता है', 'पढ़ेगा', 'पढ़ाती है', और 'पीती है' शब्द क्रिया हैं क्योंकि इनसे किसी कार्य के होने का बोध होता है।

**4. पाठ में से कोई 10 संज्ञा शब्द छाँटकर यहाँ लिखिए-**

| | | |
|---|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश | नदी | चाऊतान |
| दिल्ली | वल्लरी | मंदिर |
| नदी | मूर्तियाँ | होली |
| बौद्ध — विहार | | |

## होली आई, होली आई

### कविता पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (ख) (ii) (क) (iii) (क) (iv) (ख) (v) (ग)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) खेतों में लाई है सोना,
चमक उठा उनका हर कोना
सरसों फूली, गेहूँ लहका,
अमराई का आंगन महका

(ii) कोयल कुहकी, गूंजे भौरे,
पत्ते झूमे चिकने कौरे।
फूल गया टेसू जंगल में,
डूब गई दुनिया मंगल में।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा ( × ) कथन पर का चिह्न लगाइए-**

(i) लोग राहों पर मिल रहे हैं। (✓)

(ii) सूरज चंदा सब सुखदाई है। (✓)

(iii) लोग राहों पर गाना गा रहे है। (×)

(iv) दुनिया मंगल में डूब गई। (✓)

(v) हवा नई होकर लहराई। (✓)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) इस कविता के रचयिता भवानी प्रसाद मिश्र है।

(ii) कविता में सूरज-चंदा सब सुखदाई हैं।

(iii) खेत चमक उठा।

(iv) होलिका चौराहों पर जल रही है।

(v) अमराई का आँगन महका।

## भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) खेत — किसान खेत में हल चला रहा है।

(ii) होली — होली रंगों का त्योहार है।

(iii) कोयल — कोयल मीठा गाना गाती है।

(iv) पत्ते — पेड़ के पत्ते हरे हैं।

(v) दुनिया — दुनिया बहुत बड़ी है।

(vi) जंगल — शेर जंगल का राजा है।

(vii) मंगल — आज मंगलवार है।

(viii) चौराहो — चौराहे पर लाल बत्ती जल रही है।

**2. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए**

(i) सूरजः सूर्य, रवि, दिनकर

(ii) चंदाः चाँद, चंद्रमा, शशि

(iii) सरसोंः राई, राजिका, सिद्धार्थ,

(iv) आँगनः अहाता, प्रांगण, अजिरा

(v) बालकः बच्चा, लड़का, शिशु

(vi) रसः अर्क, सत्व, आनंद

(vii) रंगः वर्ण, कलप, शोभा

(viii) प्यारः प्रेम, स्नेह, मोहब्बत

**3. नीचे दिए गए शब्दों को शुद्ध करके लिखिए**

(i) अमरईः अमराई

(ii) टैसुः टेसू

(iii) जगलः जंगल

(iv) डुबः डूब

(v) सूखदईः सुखदाई

(vi) आगनः आँगन

(vii) मजिरेः मंजीरे

(viii) पयारः प्यारा

(ix) नूपूरः नूपुर

(x) चोरहोंः चौराहों

(xi) दूनीयाः दुनिया

(xii) सुरजः सूरज

# पाठ-5ः सुंदरिया

## पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (क) (ii) (ग) (iii) (ख) (iv) (घ) (v) (ख)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) सुंदरिया गाय **डील-डौल** में काफी **बड़ी** थी।

(ii) उसके **दो सौ रुपये** तक लग चुके हैं।

(iii) **हीरासिंह** उसी रोज़ **गाय** लेने चला गया।

(iv) **सौ रुपये** वह पहले ही ले चुका था।

(v) **गाय** मुह **झुकाए** वैसे ही खड़ी रही।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) हीरासिंह के बच्चे नहीं थे। (✗)

(ii) हीरासिंह नौकरी की तलाश में दिल्ली चला गया। (✓)

(iii) सेठ के घर गाय ने दूध देने से मना कर दिया था। (✓)

(iv) गाय की हालत देखकर हीरासिंह विह्वल हो उठा। (✓)

(v) जवाहरसिंह सुंदरिया को मौसी कहता था। (✓)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) किसान नौकरी की तलाश में दिल्ली चला गया।

(ii) सुंदरिया पंद्रह सेर दूध देती थी।

(iii) हीरासिंह का बड़ा लड़का जवाहरसिंह सुंदरिया को मौसी कहा करता था इसलिए वह उसे बेचने से डरता था।

(iv) सेठ ने हीरासिंह को दो सौ पाँच रुपये दिए।

(v) सेठ ने हीरासिंह को गाय का बंदोबस्त करने को कहा।

## भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. सर्वनाम की परिभाषा लिखिए। पाठ में से कोई आठ सर्वनाम शब्द यहाँ लिखिए।**

जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं।

सर्वनाम वे शब्द होते हैं जिनका प्रयोग वाक्य में संज्ञा के बार-बार उपयोग को रोकने और वाक्य को अधिक स्पष्ट और प्रभावी बनाने के लिए किया जाता है।

**उदाहरण:** यहाँ, ये, वे, हम, तुम्हें, हमारा, मेरी, वहाँ।

**2. ऐसे शब्द लिखिए जिनमें आए हो-**

(i) डिब्बा (ii) न्यारा (iii) स्वास्थ्य (iv) तुम्हे

(v) प्यारा (vi) यमुना (vii) हिस्सा (viii) तख्ता

**3. नीचे दिए गए शब्दों के मिलते-जुलते अर्थ वाले शब्दों पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) जलन: (✓) ईर्ष्या

(ii) बंदोबस्त: (✓) प्रबंध

(iii) चाकरी (✓) नौकरी

(iv) रुसाई: (✓) अपमान

(v) विह्वल: (✓) भावुक

## हाथी और चींटी

**पाठ पर आधारित प्रश्न**

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (घ) (ii) (क) (iii) (ग) (iv) (घ) (v) (ग)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) चींटी रानी **कुश्ती** देखने जा रही थी।

(ii) चींटी रानी **हेलमेट** पहन रखा था।

(iii) तुम्हें अकेले **कुश्ती** देखने में **आनंद** नहीं आएगा।

(iv) चींटी को **मामूली-सी खरोंच** भर आई।

(v) एक रोड़ा रास्ते में आ गया।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) चींटी सर्कस देखने जा रही थी। (✗)

(ii) रास्ते में चींटी को हाथी मिला। (✓)

(iii) हाथी के बैठते ही चींटी ने सरपट फटफटिया दौड़ा दी। (✓)

(iv) फटफटिया पलट गई थी। (✓)

(v) चींटी के सर पर चोट लगी थी। (✗)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) मोटरसाइकिल पर चींटी और हाथी बैठे थे।

(ii) चींटी को चोट इसलिए नहीं आई क्योंकि उसने हेलमेट पहन रखा था।

(iii) फटफटिया मोटर साइकिल पलट गई।

(iv) सड़क पार करते समय हमें वाहन और ट्रैफिक लाइट का हरे होने का ध्यान रखना चाहिए।

(v) सड़क पर वाहन चलाते समय हमे हेलमेट पहनना चाहिए।

**भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न**

**1. नीचे लिखे शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) कुश्ती — भारत के पहलवानों ने ओलंपिक में कुश्ती में कई पदक जीते हैं।

(ii) रानी — झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई एक वीर महिला थीं।

(iii) चींटी — चींटी एक छोटा कीड़ा है।

(iv) हाथी — हाथी जंगल में रहता है।

(v) रास्ते — इस शहर के रास्ते बहुत साफ़ हैं।

(vi) पहलवान — दारा सिंह एक प्रसिद्ध पहलवान थे।

(vii) आनंद — बगीचे में टहलने से मन को आनंद मिलता है।

(viii) चोट — खेलते समय बच्चे के पैर में चोट लग गई।

(ix) खरोंच — गिरने से माधव के हाथ में हल्की खरोंच आ गई।

(x) मोटर-साइकिल — उसके पास एक नई मोटर-साइकिल है।

**2. नीचे लिखे शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए।**

(i) शेर: शेरनी (ii) मोर: मोरनी (iii) हाथी: हथिनी

(iv) राजा: रानी (v) बिल्ली: बिलाव (vi) गाय: बैल

(vii) हिरन: हिरनी (viii) मुर्गा: मुर्गी (ix) लड़का: लड़की

(x) माली: मालिन

**3. काल की परिभाषा लिखिए। काल के कितने भेद होते हैं लिखिए।**

क्रिया के जिस रूप से कार्य के होने के समय का बोध हो, उसे 'काल' कहते हैं। काल के तीन भेद होते हैं: वर्तमान काल, भूतकाल और भविष्य काल।

**4. वचन की परिभाषा लिखिए।**

शब्द के जिस रूप से एक या अनेक होने का बोध हो, उसे 'वचन' कहते हैं।

## पाठ-6: चतुर चित्रकार

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (ख) (ii) (ख) (iii) (ख) (iv) (ख) (v) (घ)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

चित्रकार सुनसान जगह में, **बना रहा था चित्र**
**इतने में ही वहाँ आ गया**, यम राजा का मित्र।
उसे देख चित्रकार के, **तुरंत उड़ गए होश**
**नदी, पहाड़, पेड़, पत्तों का** रह न गया कुछ जोश।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा कथन घर ( × ) का चिह्न लगाइए-**

(i) चित्रकार सुनसान जगह पर चित्र नहीं बना रहा था। (×)

(ii) शेर को देखकर चित्रकार के होश उड़ गए। (✓)

(iii) चित्रकार ने शेर का चित्र बनाने के लिए मना कर दिया था। (×)

(iv) शेर धोखा खाकर खुश था। (×)

(v) चित्रकार नाव में बैठकर भाग गया। (✓)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) वहाँ उसे शेर मिला।

(ii) शेर पीठ फिराकर बैठ गया।

(iii) चित्रकार ने शेर से कहा - सुंदर चित्र बना दूँ, बैठ जाइए आप।

(iv) चित्रकार नाव चलाकर जंगल से भाग गया।

(v) शेर धोखा खाकर झुंझलाहट में चूर था।

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. क्रिया की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।**

**परिभाषा:** जिन शब्दों से किसी कार्य के करने या होने का पता चलता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।

**उदाहरण:** पढ़ना: 'रमेश किताब पढ़ता है।' इस वाक्य में 'पढ़ता है' क्रिया है।

खाना: 'बच्चा खाना खा रहा है।' इस वाक्य में 'खा रहा है' क्रिया है।

जाना: 'सीता स्कूल जाती है।' इस वाक्य में 'जाती है' क्रिया है।

रोना: 'लड़का रोता है।' इस वाक्य में 'रोता है' क्रिया है।

पेड़: 'पेड़ हरा है।' इस वाक्य में 'है' क्रिया है।

**2. नीचे लिखे शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) चित्रकार — चित्रकार सुंदर चित्र बनाता है।

(ii) चित्र — यह चित्र बहुत आकर्षक है।

(iii) सुनसान — रात में जंगल सुनसान हो जाता है।

(iv) सुंदर — नेहा के पास एक सुंदर गुड़िया है।

(v) पहाड़ — हिमालय एक ऊँचा पहाड़ है।

(vi) मुँह — शेर ने मुँह खोला।

(vii) ध्यान — छात्र ध्यान से पढ़ रहे हैं।

(viii) जंगल — जंगल में बहुत सारे जानवर रहते हैं।

(ix) सरदार — गाँव का सरदार बहुत नेक इंसान है।

(x) राजा — राजा अपनी प्रजा का ध्यान रखता है।

**3. नीचे लिखे शब्दों के वचन बदलकर लिखिए-**

(i) मेज : मेजें (ii) चिड़िया : चिड़ियाँ (iii) गुड़िया : गुड़ियाँ

(iv) चित्रकार : चित्रकार (यह शब्द दोनों वचनों में समान रहता है)

(v) पेड़ : पेड़ (यह शब्द दोनों वचनों में समान रहता है)

(vi) पक्षी : पक्षी (यह शब्द दोनों वचनों में समान रहता है)

(vii) पंखा : पंखे (viii) किताब : किताबें

(ix) कपड़ा : कपड़े (x) आँख : आँखें

## दो मेढ़कों की यात्रा

**( जापानी लोककथा )**

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (क) (ii) (ग) (iii) (क) (iv) (ग) (v) (ख)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) कई वर्ष पूर्व **जापान** में दो **मेंढक** रहते थे।

(ii) यह कार्य तो बहुत **आसान** है।

(iii) फिर दोनों **मेंढक** अपने-अपने **घर** लौट गए।

(iv) ओसाका भी **क्योटो** की तरह ही है।

(v) फिर वे पास ही स्थित एक बड़ी **चट्टान** की **छाया** में जा बैठे।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिहन लगाइए-**

(i) कई वर्ष पूर्व दिल्ली में दो मेंढक रहते थे। (✗)

(ii) दोनों मेंढकों के दिमाग में एक साथ विचार आया। (✓)

(iii) मेंढक पहाड़ पर चढ़कर एक-दूसरे का सहारा लेकर अपने पैरों पर खड़े हो गए। (✗)

(iv) मेंढक दूसरे शहरों को देखने में सफल रहे। (✗)

(v) मेंढकों ने खड़े होने में कोई गलती नहीं की थी। (✗)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) एक मेंढक ओसाका का तथा दूसरा मेंढक क्योटो से था।

(ii) दोनों मेंढक चलते-चलते बहुत थक चुके थे इसलिए उन्होंने थोड़ा आराम करने का निश्चय किया।

(iii) ओसाका से आया हुआ मेंढक ओसाका को ही देख रहा था। जबकि क्योटो के मेंढक की नजर क्योटो पर ही पड़ रही थी। इस प्रकार दोनों ही मेंढक अपने प्रिय शहरों को नहीं देख पा रहे थे।

(iv) आखिर में दोनों मेंढक अपने-अपने घर लौट गए।

(v) मेंढक लंबी यात्रा के कारण बहुत ही थका हुआ अनुभव कर रहे थे।

**भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न**

**1. नीचे लिखे शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए–**

(i) शहर — दिल्ली एक बहुत बड़ा और व्यस्त शहर है।

(ii) जापान — जापान एशिया महाद्वीप में स्थित एक सुंदर देश है।

(iii) वर्ष — यह वर्ष मेरे लिए बहुत भाग्यशाली रहा।

(iv) मेंढक — बरसात के मौसम में मेंढक टर्राते हैं।

(v) चट्टान — पहाड़ पर चढ़ते समय एक बड़ी चट्टान रास्ते में आ गई।

(vi) मंजिल — मुझे मंजिल तक पहुँचने में अभी समय लगेगा।

(vii) पहाड़ — हिमालय भारत का सबसे ऊँचा पहाड़ है।

(viii) आश्चर्य — जादूगर का खेल देखकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ।

(ix) उत्सुक — मैं अपने परीक्षा परिणाम जानने के लिए बहुत उत्सुक हूँ।

(x) शिखर — पहाड़ के शिखर पर पहुँचना बहुत कठिन है।

**2. नीचे लिखे शब्दों के तुक मिलते शब्द लिखिए-**

(i) बात: रात (ii) आस: पास (iii) पैरों: गैरों

(iv) देख: लेख (v) अपना: सपना (vi) रूप: धूप

(vii) साल: हाल (viii) काल: जाल (ix) लीला: पीला

(x) वहाँ: कहाँ

**3. नीचे लिखे शब्दों के पर्यायवाची लिखिए-**

(i) मेंढक: दादुर, मंडूक, वर्षाभू (ii) पहाड़: पर्वत, शैल, गिरि

(iii) शहर: नगर, पुर, पुरी (iv) घर: गृह, सदन, आवास

(v) नदी: सरिता, तटिनी, तरंगिणी (vi) दिन: दिवस, वार, अहन्

## पाठ-7: मेरा बचपन

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (घ) (ii) (ख) (iii) (ख) (iv) (क) (v) (घ)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) हम दोनों **प्रात:काल** मटर और **जौ** का **चबेना** लेते थे।

(ii) **रामलीला** में भी आनंद आता था।

(iii) हाय **बचपन**! तेरी **याद** नहीं भूलती।

(iv) **गुल्ली-डंडा** सब खेलों का **राजा** है।

(v) **दो** बजे से **पात्रों** की **सजावट** शुरु होने लगती।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) लेखक को क्रिकेट खेलना पसंद था। (✗)

(ii) घरवाले बिगड़ रहे थे। (✓)

(iii) लेखक को बचपन की याद नहीं आती थी। (✗)

(iv) लेखक को गुल्ली डंडा पसंद नहीं था। (✗)

(v) गुल्ली-डंडा सब खेलों का राजा है। (✓)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) लेखक अपने चचेरे भाई के साथ दूसरे गाँव में एक मौलवी साहब के पास पढ़ने जाता था।

(ii) लेखक दोपहर में रामलीला मैदान में जाकर बैठ जाता था।

(iii) क्रिकेट से सिर फूट जाने का भय रहता है।

(iv) लेखक के माथे में गुल्ली का दाग आज तक बना हुआ है।

(v) लेखक का घर कच्चा और टूटा हुआ था।

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. कारक की परिभाषा लिखिए।**

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका वाक्य के अन्य शब्दों (विशेषकर क्रिया) से सम्बन्ध जाना जाता है, उस रूप को कारक कहते हैं।

**2. किन्हीं 12 खेलों के नाम यहाँ लिखिए।**

क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, बास्केटबॉल, कबड्डी, खो-खो, शतरंज, कैरम, और टेबल टेनिस।

**3. निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) दोपहर — दोपहर के समय सूरज सिर के ऊपर होता है।

(ii) टहनी — चिड़िया पेड़ की टहनी पर बैठी है।

(iii) खेलों — बच्चों को खेलों में भाग लेना चाहिए।

(iv) भारतीय — हम सब भारतीय हैं और अपने देश से प्यार करते हैं।

(v) उत्साह — त्योहारों के आने से लोगों में बहुत उत्साह होता है।

(vi) पेंशन — सेवानिवृत्ति के बाद सरकार कर्मचारियों को पेंशन देती है।
(vii) घर — मेरा घर बहुत सुंदर और आरामदायक है।
(viii) बैसाखी — बैसाखी पंजाब का एक प्रमुख त्योहार है।

## पाठ-8ः काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की यात्रा

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (क) (ii) (ख) (iii) (घ) (iv) (ग) (v) (ग)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) उद्यान में **सैकड़ों पशु** थे।
(ii) उनमें से कुछ एक **सींग** वाले **गैंडे** भी थे।
(iii) यह केवल **भारत** और **नेपाल** के **जंगलो** में पाया जाता है।
(iv) **महावत** हमें पास नहीं ले गए।
(v) हमारी यात्रा **शीघ्र समाप्त** हो गई।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) लौटते समय लेखक के भाग्य खुल गए। (✓)
(ii) हम अपने वन्य-साथियों से कुछ नहीं सीख सकते। (✗)
(iii) लेखक का नाम अरूप है। (✗)
(iv) लेखक ने पत्र काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से लिखा है। (✓)
(v) उद्यान में सैकड़ों पशु थे। (✓)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) पत्र अरूप कुमार दत्ता काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से लिख रहे है।
(ii) लेखक ने पहली बार एक सींग वाला गैंडा देखा।
(iii) इंडियन राइनो (भारतीय गैंडा)केवल भारत और नेपाल के जंगलों में पाया जाता है।
(iv) उद्यान में सैकड़ों पशु थे।
(v) महावत ने कथा सुनाई।

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-**

(i) डाइवर: ड्राइवर (ii) सथान: स्थान (iii) इंडीयन: इंडियन
(iv) काजिरंग: काजीरंगा (v) सूवह: सुबह (vi) समापन: समापन
(vii) पजाति: प्रजाति (viii) शांतिपूर्वक: शांतिपूर्वक (ix) वनय: विनय
(x) प्रसनपता: प्रसन्नता

**2. निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) पशु — जंगली पशु खतरनाक होते हैं।
(ii) भारत — भारत एक महान देश है।

(iii) इंडियन — इंडियन क्रिकेट टीम ने मैच जीत लिया।
(iv) कथा — दादीजी ने एक अच्छी कथा सुनाई।
(v) दृष्टि — महात्मा गांधी की दृष्टि दूरदर्शी थी।
(vi) हाथी — हाथी एक बहुत बड़ा जानवर है।
(vii) मानव — मानव को हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए।
(viii) राष्ट्रीय — तिरंगा भारत का राष्ट्रीय ध्वज है।

**3. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान जैसी ही किन्हीं और उद्यानों के नाम यहाँ लिखिए-**
जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान, गिर राष्ट्रीय उद्यान, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान।

## घूमो देखो

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ )का चिह्न लगाइए-**
(i) (क) (ii) (घ) (iii) (क) (iv) (ख) (v) (ख)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**
(i) यहाँ का **मौसम** अधिकतर **सौम्य** ही रहता है।
(ii) **कूर्ग कावेरी** नदी का उद्गम स्थान भी है।
(iii) इस कारण इसकी सुंदरता **अद्भुत** है।
(iv) **गरमी** के मौसम में भी यहाँ का **तापमान** अधिक नहीं रहता है।
(v) यह **कर्नाटक** का एक **प्रशासनिक** जिला है।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा असत्य कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**
(i) कूर्ग बहुत सुंदर पर्यटन स्थल है। (✓)
(ii) कूर्ग पाँच तालुकों (क्षेत्रों) से मिलकर बना है। (✓)
(iii) कूर्ग यमुना नदी का उद्गम स्थान है। (✓)
(iv) लोकतक झील मणिपुर राज्य में स्थित है। (✓)
(v) फुमदियों पर मछुआरे अपनी झोपड़ी बनाकर रहते हैं। (✓)

**4. प्रश्न-उत्तर-**
(i) लोकतक झील भारत की एकमात्र ताजा पानी की झील है।
(ii) लोकतक झील में पानी में जलीय घास के बड़े-बड़े हिस्से तैरते रहते जिन्हें 'फुमदी' कहते है।
(iii) कूर्ग अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है।
(iv) कूर्ग कावेरी नदी का उद्गम स्थान है।
(v) कूर्ग का मौसम अधिकतर सौम्य रहता है।

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए-**
(i) कूर्ग — कूर्ग कर्नाटक राज्य का एक सुंदर पर्वतीय स्थल है।
(ii) स्थल — यह एक बहुत ही रमणीय स्थल है।

(iii) पर्यटन — पर्यटन से ज्ञान और मनोरंजन दोनों होते हैं।

(iv) ऊँचाई — माउंट एवरेस्ट की ऊँचाई बहुत अधिक है।

(v) पहाड़ — पहाड़ पर चढ़ना एक कठिन कार्य है।

(vi) प्रसिद्ध — ताजमहल अपनी सुंदरता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है।

(vii) मसालों — भारत मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।

(viii) सुंदरता — इस बगीचे की सुंदरता मन मोह लेती है।

(ix) शांत — नदी का पानी आज बहुत शांत है।

(x) समीप — मेरा घर मंदिर के समीप है।

**2. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए-**

(i) क्षेत्र: इलाका, भूभाग, प्रदेश, प्रांत

(ii) प्रसिद्ध: विख्यात, मशहूर, प्रख्यात, नामी

(iii) पहाड़: पर्वत, गिरी, शैल, अचल

(iv) जंगल: वन, अरण्य, कानन, विपिन

(v) हाथी: गज, हस्ती, दंती, कुंजर

(vi) हिरण: मृग, कुरंग, सारंग, हरिण

(vii) पशु: जानवर, चौपाया, मवेशी, जंतु

(viii) सुंदर: खूबसूरत, आकर्षक, मनोहर, रमणीय

(ix) झील: सरोवर, ताल, जलाशय, तड़ाग

(x) देव: भगवान, ईश्वर, प्रभु, अमर

**3. पर्यायवाची शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए-**

ऐसे शब्द जिनके अर्थ समान होते हैं, पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।

उदाहरण:

पानी के पर्यायवाची शब्द हैं: जल, नीर, अंबु, तोय।

आकाश के पर्यायवाची शब्द हैं: गगन, अंबर, नभ, व्योम।

**4. अव्यय किसे कहते हैं?**

अव्यय वे शब्द होते हैं जिनमें लिंग, वचन, कारक, काल आदि के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता है। ये शब्द हमेशा अपने मूल रूप में ही रहते हैं।

**उदाहरण:** धीरे-धीरे, आज, कल, ऊपर, नीचे, और, तथा आदि।

**5. एकवचन और बहुवचन की परिभाषा लिखिए।**

**एकवचन:** शब्द के जिस रूप से एक व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं।

**उदाहरण:** लड़का, किताब, मेज।

**बहुवचन:** शब्द के जिस रूप से एक से अधिक व्यक्तियों, वस्तुओं या स्थानों का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं।

**उदाहरण:** लड़के, किताबें, मेजें।

**6. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-**

(i) मणीपुर: मणिपुर (ii) पौध: पौधा (iii) जिवाणु: जीवाणु

(iv) जलिय: जलीय (v) उतपदाव: उत्पाद (vi) द्विप: द्वीप
(vii) तजा: ताजा (viii) पानि: पानी (ix) झिल: झील
(x) पाक्र: पार्क (xi) मोजुद: मौजूद (xii) राजय: राज्य

**7. ऐसे शब्द लिखिए जिनमें आए हो-**

(i) म्म: मम्मा (ii) च्च: कच्चा (iii) ल्ल: लल्ला

## पाठ-9: न्याय

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (ख) (ii) (क) (iii) (ग) (iv) (क) (v) (ख)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) **पक्षी** लौट रहे हैं।
(ii) सोने के वक्त **नींद** भी आ जाती है।
(iii) वह **घायल** हो गया है।
(iv) मैं महाराज को **प्रणाम** करता हूँ।
(v) **सिद्धार्थ** मेरा हंस नहीं देते।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) सिद्धार्थ ने कबूतर को गिरते हुए देखा। (✗)
(ii) सिद्धार्थ ने देवत्त को हंस वापस दे दिया। (✗)
(iii) देवदत्त महाराज से न्याय चाहता था। (✓)
(iv) आखिर में फैसला सिद्धार्थ के हित में सुनाया गया। (✓)
(v) हंस मर गया था। (✗)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) सिद्धार्थ ने पक्षी को तेज गति से धरती पर गिरते हुए देखा।
(ii) हंस देवदत्त के तीर से घायल हो गया था।
(iii) पक्षी सिद्धार्थ के पास रहना चाहता था।
(iv) महाराज ने सिद्धार्थ को सभा मे बुलाने को कहा।
(v) देवदत्त न्याय के लिए महाराज के पास गया।

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. रेखांकित शब्दों के विपरीत अर्थ वाले शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(i) उसने मारा है परन्तु मैंने **बचाया** है।
(ii) वह निर्दोष पक्षी को मारने वाला **दोषी** है।
(iii) इस जटिल समस्या का हल बहुत **सरल** है।
(iv) सूर्य का उदय पूर्व दिशा में और **अस्त** पश्चिम दिशा में होता है।

**2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-**

| | | |
|---|---|---|
| (i) रात: दिन | (ii) दोष: गुण | (iii) क्रोध: क्षमा |
| (iv) उजाला: अंधकार | (v) कल: आज | (vi) रूप: कुरूप |
| (vii) उदय: अस्त | (viii) जटिल: सरल | (ix) काला: गोरा |
| (x) बचाया: फंसाया | (xi) अच्छा: बुरा | (xii) अचल: चल |

**3. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए।**

(i) मगरमच्छ के आंसू बहाना: झूठा दुख प्रकट करना

(ii) अक्ल बड़ी या भैंस: शारीरिक बल से बुद्धि श्रेष्ठ है

(iii) नौ दो ग्यारह होना: भाग जाना

(iv) लाल पीला होना: बहुत गुस्सा होना

(v) दांतो तले उंगली दबाना: आश्चर्यचकित होना

**4. भाषा किसे कहते है? भाषा के कितने रूप होते हैं?**

भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचार दूसरों के सामने प्रकट करता है और दूसरों के विचारों को समझता है। इसके दो मुख्य रूप होते हैं – मौखिक और लिखित।

**5. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

(i) जो कभी न हारे: अजेय

(ii) जो बहुत बोलता है: वाचाल

(iii) जो कभी न मरे: अमर

(iv) जो बहुत डरता हो: डरपोक

(v) जो कपड़े सिलता है: दर्जी

(vi) जो किसी का पक्ष न ले: निष्पक्ष

**6. निम्नलिखित शब्दों के वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) तैरना — मुझे तैरना बहुत पसंद है।

(ii) राजहंस — तालाब में एक राजहंस तैर रहा था।

(iii) अच्छे — हमें हमेशा अच्छे काम करने चाहिए।

(iv) कुमार — कुमार अपनी पढ़ाई में होशियार है।

(v) स्वभाव — मेहुल स्वभाव बहुत शांत है।

(vi) वस्तु — यह एक कीमती वस्तु है।

(vii) समय — समय बहुत बलवान होता है।

(viii) इकट्ठे — हम सब इकट्ठे मिलकर खेलेंगे।

(ix) गरदन — जिराफ़ की गरदन बहुत लंबी होती है।

(x) हवा — आज बहुत तेज़ हवा चल रही है।

## पाठ-10: तीन मछलियाँ

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (ग) (ii) (क) (iii) (ग) (iv) (ख) (v) (क)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) मछुआरों की बातें तीनों मछलियों ने सुन लीं।

(ii) तीसरी मछली का नाम था यद्धविष्य।

(iii) यद्धविष्य तो स्वभाव से ही आलस्यमयी थी।

(iv) प्रत्युत्पन्नमति और यद्धविष्य भी जाल में फँस गई थी।

(v) सभी मछलियों को बुलाकर एक सभा की।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) सरोवर उत्तर भारत में था। (✓)

(ii) सभी मछलियों को बुलाकर सभा की गई। (✗)

(iii) मछुआरों की बातें तीनों मछलियों ने सुन ली थीं। (✓)

(iv) सभी मछलियाँ दूसरे सरोवर में चली गई। (✗)

(v) यद्धविष्य की जान नहीं बच पाई। (✗)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) पहली मछली का नाम अनागतविधाता था।

(ii) दूसरी मछली का नाम प्रत्युत्पन्नमति था।

(iii) यद्धविष्य की जान नहीं बच पाई।

(iv) प्रत्युत्पन्नमति अपने बचने का उपाय बड़ी तीव्रता से सोचने लगी और उसे तुरंत सूझ गया कि क्या करना चाहिए। मछुआरों की बातचीत से वह समझ गई कि उन्हें स्वस्थ और जीवित मछलियाँ ही चाहिए। उसने उसी क्षण अपना शरीर सिकोड़ लिया और आँखें बंद करके निर्जीव-सी बनकर पड़ गई। मछुआरे मछलियों को सँभालने लगे तो देखा कि एक मरी हुई मछली है। उन्होंने तुरंत प्रत्युत्पन्नमति को जाल से निकालकर सरोवर में फेंक दिया और प्रत्युत्पन्न मति की बुद्धि के कारण उसकी जान बच गई।

(v) अनागतविधाता ने दूसरे सरोवर में जाकर अपनी जान बचाई।

## भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) सरोवर — तालाब को सरोवर भी कहते हैं।

(ii) सँभालने — माँ घर सँभालने में बहुत मेहनत करती है।

(iii) मछलियाँ — मछलियाँ पानी में तैरती हैं।

(iv) जीवित — पेड़-पौधे भी जीवित प्राणी हैं।

(v) स्वस्थ — स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम ज़रूरी है।

(vi) जान — भगत सिंह ने देश के लिए अपनी जान दे दी।

(vii) शरीर — मानव शरीर बहुत जटिल होता है।

(viii) उपाय — समस्या का समाधान खोजने के लिए अर्णव ने कई उपाय सोचे।

(ix) अच्छा — यह पिकनिक पर जाना अच्छा विचार है।

(x) उत्साह — छात्रों में पिकनिक जाने का बहुत उत्साह था।

**2. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।**

(i) पसन: पसंद (ii) मछलि: मछली (iii) संबोधित: संबोधित

(iv) सरौवर: सरोवर (v) तीवता: तीव्रता (vi) सवसथ: स्वस्थ

(vii) दुसरै: दूसरे (viii) भागय: भाग्य (ix) सममति: सम्मति

(x) विशाम: विश्राम (xi) तिनौ: तीनों (xii)शण: क्षण

**3. पानी में रहने वाले किन्हीं बारह जीवों के नाम यहाँ लिखिए-**

मछली, कछुआ, मेंढक, मगरमच्छ, घड़ियाल, डॉल्फिन, व्हेल, शार्क, ऑक्टोपस, स्टारफिश, समुद्री घोड़ा, झींगा

**4. स्वयं करे।**

## पाठ-11: हमारे ये कलामंदिर

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (ख) (ii) (ख) (iii) (ख) (iv) (घ) (v) (ख)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) **संभाजीनगर** महाराष्ट्र राज्य का एक नगर है।

(ii) निशा **टकटकी** लगाए **चित्रों** को देखती रही।

(iii) **स्टेशन** से एलोरा लगभग **सौ** किलोमीटर दूर है।

(iv) इन **चित्रों** की देखते ही बनती है।

(v) घाटी में **रंग-बिरंगे** फूल खिले हुए थे।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) संभाजीनगर पहुँचते-पहुँचते रात हो गई। (✓)

(ii) घाटी में रंग-बिरंगे फूल खिले हुए है। (✓)

(iii) मूर्तियों की कारीगरी देखते ही बनती थी। (✓)

(iv) संभाजीनगर से एलोरा लगभग चालीस किलोमीटर दूर है। (✓)

(v) निशा चित्रों को नहीं देख रही थी। (✗)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) निशा मौसी के साथ महाराष्ट्र गई।

(ii) निशा छुट्टियों में अजंता, एलोरा की गुफाएँ देखने गई।

(iii) निशा ने अजंता, एलोरा की गुफाओं के बारे में पुस्तकों में पढ़ा था।

(iv) पहाड़ी में एक पंक्ति में उनतीस गुफाएँ थी।

(v) निशा को अजंता, एलोरा की गुफाएँ मनोरम लगी।

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) मंदिरों — भारत में कई प्राचीन मंदिर हैं।

(ii) चित्रों — दीवार पर बने चित्र बहुत सुंदर हैं।

(iii) अंगो — मानव शरीर के विभिन्न अंगो का अपना महत्व है।
(iv) मूर्तियाँ — संग्रहालय में कई ऐतिहासिक मूर्तियाँ रखी गई हैं।
(v) पहाड़ों — हिमाचल के पहाड़ो की सुंदरता देखने लायक है।
(vi) पत्थरों — ताजमहल सफेद पत्थरों से बना है।
(vii) अद्भुत — अंजता और एलोरा का अद्भुत दृश्य था।
(viii) फूलो — राम ने फूलों की माला बनाई है।

**2. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए-**

(i) पेड़: वृक्ष, पादप, तरु
(ii) पशु: जानवर, चौपाया, मवेशी
(iii) चित्र: तस्वीर, फोटो, छवि
(iv) दिन: दिवस, वार, वासर
(v) इमारत: भवन, मकान, घर
(vi) फूल: सुमन, पुष्प, कुसुम
(vii) चकित: हैरान, आश्चर्यचकित, विस्मित
(viii) राजा: नृप, भूप, नरेश
(ix) बादल: मेघ, घन, जलधर
(x) धरती: पृथ्वी, भूमि, धरा

**3. विराम चिह्न किसे कहते हैं?**

विराम चिह्न का अर्थ है रुकना या ठहरना।

लिखते समय भावों और विचारों को स्पष्ट करने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें विराम चिह्न कहते हैं।

**4. अव्यय किसे कहते हैं?**

ऐसे शब्द जिनमें लिंग, वचन, पुरुष, कारक आदि के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता, वे अव्यय कहलाते हैं।

**5. स्वयं करे ।**

## पाठ-12ः गंगा की कहानी

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (ख) (ii) (ग) (iii) (ख) (iv) (क) (v) (क)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) मुझे **भारतवासी** पवित्र नदी मानते हैं।
(ii) राजा **भगीरथी** ने इसी स्थान पर **तपस्या** की थी।
(iii) **दृश्य** और **वातावरण** बहुत शांत है।
(iv) सबको मैं हो **पानी** पहुँचाती हूँ।
(v) एक धारा **बांग्लादेश** की ओर चली जाती है।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) मेरठ भारत का प्रसिद्ध औद्योगिक नगर है? (✗)

(ii) गंगा कानपुर से चलकर प्रयागराज पहुँचती है। (✓)

(iii) गंगा से यमुना का संगम कभी नहीं होता। (✗)

(iv) संगम पर प्रत्येक बारहवें वर्ष कुंभ का मेला लगता है। (✓)

(v) पश्चिम बंगाल में गंगा की तीन धाराएँ हो जाती हैं। (✗)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) पद्मा और हुगली

(ii) गंगा का जन्म हिमालय की गोद में हुआ था।

(iii) यहाँ पर राजा भागीरथ ने तपस्या की थी।

(iv) हरिद्वार के पास से एक नहर निकाली गई है जिसे गंगाहर कहते हैं।

(v) ऋषिकेश और हरिद्वार

### भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. 'गंगा-एक पवित्र नदी' इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए।**

गंगा भारत की सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण नदियों में से एक है।

गंगा नदी का उद्गम हिमालय पर्वत से होता है। इसे भारत में एक जीवित देवी के रूप में पूजा जाता है, और इसका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व बहुत अधिक है। हिंदुओं का मानना है कि गंगा में स्नान करने से सभी पाप धुल जाते हैं, और मृत्यु के बाद मोक्ष प्राप्ति के लिए लोग अपनी राख गंगा में विसर्जित करवाना आवश्यक समझते हैं।

गंगा नदी केवल धार्मिक महत्व तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह करोड़ों लोगों के लिए जीवन का स्रोत भी है। यह अपने बेसिन में रहने वाले लगभग ४० करोड़ लोगों के लिए पानी उपलब्ध कराती है। गंगाजल का उपयोग विभिन्न दैनिक कार्यों जैसे स्नान, कपड़े धोने, खाना पकाने और सिंचाई के लिए किया जाता है। यह नदी भारतीय सभ्यता के विकास में एक जीवनदायिनी शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित रही है, और कई प्राचीन सभ्यताएं गंगा घाटी में ही विकसित हुईं।

कुल मिलाकर, गंगा नदी भारतीय समाज में अत्यंत पवित्र और जीवनदायिनी तत्व के रूप में प्रतिष्ठित है, जो आस्था, संस्कृति और जीवनयापन का एक अभिन्न अंग है।

**2. मिलान कीजिए-**

| | |
|---|---|
| (i) गंगा का उद्भव - | (ख) गोमुख |
| (ii) देवप्रयाग - | (घ) अलकनंदा |
| (iii) औद्योगिक नगर - | (ङ) कानपुर |
| (iv) बांग्लादेश - | (ग) पद्मा नदी |
| (v) तीर्थ स्थल - | (क) वाराणसी |

## गगनयान

### पाठ पर आधारित प्रश्न

**1. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) (क) (ii) (क) (iii) (ग) (iv) (ख) (v) (ख)

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-**

(i) क्या हम **गगनयान** के बारे में जानेंगे।

(ii) **वागन** की बात होने वाली है।

(iii) **अंतरिक्ष** में बहुत से तारे भी दिखाई देते हैं।

(iv) **वैज्ञानिकों** का अनुमान लगभग सही था।

(v) यह **भारत** का पहला यान होगा।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(i) अध्यापिका मंगलयान के बारे में बात कर रही थी। (✗)

(ii) गगनयान मनुष्य को अंतरिक्ष में भेजेगा। (✓)

(iii) बच्चों को गगनयान की बातों में रुचि नहीं थी। (✗)

(iv) गगनयान अंतरिक्ष में 'नहीं' जा सकता। (✗)

(v) बच्चें अध्यापिका की बात नहीं सुन रहे थे। (✗)

**4. प्रश्न-उत्तर-**

(i) गगनयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक मानव अंतरिक्ष यान मिशन है, जिसका उद्देश्य पृथ्वी की निचली कक्षा में मानव को भेजना है।

(ii) इसरो का पूरा नाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन है।

(iii) मानव को अंतरिक्ष में भेजेगा। गगनयान मिशन के तहत तीन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।

(iv) गगनयान को तीन विभागों में बांटा गया है।

(v) पहले चरण में व्योममित्र को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।

## भाषा तथा व्याकरण पर आधारित प्रश्न

**1. 'गगनयान' पर एक अनुच्छेद लिखिए।**

गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है।

यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा चलाया जा रहा एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और उन्हें सुरक्षित वापस लाना है। इस मिशन के सफल होने से भारत अंतरिक्ष में मानव भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा। गगनयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का एक महत्वाकांक्षी मिशन है, जिसके तहत तीन सदस्यीय दल को पृथ्वी की निचली कक्ष में भेजा जाएगा। यह भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी क्षमता का प्रदर्शन करना है।

**मिशन का उद्देश्य:** इस मिशन का लक्ष्य तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग 400 किलोमीटर की निम्न पृथ्वी कक्षा में तीन दिनों के लिए भेजना और फिर उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है।

**अंतरिक्ष यात्री:** इस ऐतिहासिक मिशन के लिए चार भारतीय वायु सेना के पायलटों को चुना गया है।

स्थिति: इस मिशन का लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है और इसका मानवयुक्त प्रक्षेपण 2027 तक होने की उम्मीद है।

**महत्व:** यह कार्यक्रम भारत के सतत मानव अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए नींव रखेगा।

**2. निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

(i) चंद्रयान — भारत का चंद्रयान-3 मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरा।

(ii) यान — अंतरिक्ष यान बहुत तेज़ गति से चलता है।

(iii) अनोखा — यह एक बहुत ही अनोखा अनुभव था।

(iv) अध्यापिका — हमारी अध्यापिका बहुत अच्छा पढ़ाती हैं।

(v) अनुमान — सही अनुमान लगाना मुश्किल है।

(vi) मंगलमय — आपकी यात्रा मंगलमय हो।

(vii) गरमियों — गरमियों की छुट्टियाँ आने वाली हैं।

(viii) रात — रात के समय तारे टिमटिमाते हैं।

(ix) दिन — आज दिन बहुत सुहाना है।

(x) सोने — सोने के आभूषण बहुत महंगे होते हैं।